सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

**राजभवन देहरादून/नई दिल्ली 10 सितम्बर, 2022**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

पंडित गोविंद बल्लभ पंत को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे एक कुशल राजनीतिज्ञ, प्रखर चिंतक और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। एक आदर्श राजनेता के तौर पर समाज कल्याण और हिंदी भाषा के लिए दिया गया उनका योगदान वंदनीय है।

..........0..........